19-01-2021

बैड बैंक

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बैड बैंक एक आर्थिक अवधारणा है, जिसके अंतर्गत आर्थिक संकट के समय घाटे में चल रहे बैंकों द्वारा अपनी देयताओं को एक नये बैंक को हस्तांतरित कर दिया जाता है।
2. भारत में गैर परिसंपत्तियों से निपटने का कार्य जिन कंपनियों द्वारा किया जाता है, उन्हें एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (ARC) या एसेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) कहा जाता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

(C) 01 और 02

भूमिका :- हाल ही में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने संकेत दिया कि केन्द्रीय बैंक गैर-निष्पादित अस्तियों (एनपीए) से निपटने के लिए एक बैड बैंक की अवधारणा को अपनाने पर विचार कर सकता है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- बैड बैंक एक आर्थिक अवधारण है, जिसके अंतर्गत आर्थिक संकट के समय घाटे में चल रहे बैंकों द्वारा अपनी देयताओं को एक नये बैंक का हस्तांतरित कर दिया जाता है।
- किसी बैंक की गैर-निष्पादित संपत्ति NPA एक सीमा से अधिक हो जाती है, तब राज्य के आश्वासन पर एक ऐसे बैड बैंक का निर्माण किया जाता है, जो कर्ज में फँसी बैकों की राशि को एक निश्चित समय के लिए खरीद लेता है।
- गैर निष्पादित संपत्ति की समस्या से निपटाने का कार्य भी इसी बैंक का होता है।
- बैड बैंक की अवधारणा का सर्वप्रथम वर्ष 1988 में गेल्लोन बैंक के पिट्सबर्ग मुख्यालय में प्रस्तुत किया गया था।
- इस तरह के कई बैंक पहले से ही फ्रांस, जर्मनी, स्पेन पुर्तगाल जैसे कई देशों में काम कर रहे है।
- भारत में गैर-परिसंपत्तियों से निपटाने का कार्य जिन कंपनियों द्वारा किया जाता है, उन्हें एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ARC या एसेट मैनेजमेंट कंपनी AMC कहा जाता है।
- प्रायः ये कंपनियां डुबे कर्ज की रिकवरी करती है, और यदि रिकवरी की राशि कुल कर्ज की राशि से अधिक होता है, तो ये बैंक के साथ पूर्व निर्धारित अनुपात में वितरित भी करती है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन 2020-रिपोर्ट

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन 2020 रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के जनसंख्या विभाग द्वारा राशि जारी की गई है।
2. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन 2020 रिपोर्ट में 2000-2020 के दौरान विश्व स्तर और क्षेत्रीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रवास से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रस्तुत किया गया है।
3. यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी स्टॉक डेटा सेट 2020 पर आधारित है, जिसमें अपने देश के बाहर रहने वाले व्यक्तियों की उम्र और लिंग के आधार पर उनकी संख्या के अद्यतन अनुमान प्रदान किए गए है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

(D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी की गयी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन, 2020 रिपोर्ट ने कहा गया है कि भारतीय प्रवासी सर्वाधिक जीवांत और गतिशील है, और दुनिया भर में 18 मिलियन से ज्यादा भारतीय प्रवासी है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन 2020 रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के जनसंख्या विभाग द्वारा जारी की गई है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन 2020 रिपोर्ट में 2000-2020 के दौरान विश्व स्तर और क्षेत्रीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रवास से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रस्तुत किया गया है।
- यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी स्टॉक डेटा सेट 2020 पर आधारित है, जिसमें अपने देश के बाहर रहने वाले व्यक्तिओं की उम्र और लिंग के आधार पर इसकी संख्या के अद्यतन अनुमान प्रदान किए गए है।
- इस रिपोर्ट में कहा गया हैं, कि अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या लगभग 281 मिलियन हो गयी है, जबकि 2000 में 173 मिलियन और 2010 में 221 मिलियन थी।
- वर्तमान में प्रवासियों की संख्या विश्व की कुल जनसंख्या का लगभग 3.6 प्रतिशत है।

सेमेरू ज्वालामूखी

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सेमरू जिसे "द ग्रेट माउंटेन" के रूप में भी जाना जाता है।
2. यह जावा में उच्चतम ज्वालामुखी है, और सबसे सक्रिय में से एक है।
3. सेमेरू ज्वालामूखी भी सुंडा प्लेट के नीचे इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग द्वारा गठित द्वीप समूह का हिस्सा है।
4. सेमेरू ज्वालामुखी इससे पहले दिसंबर 2019में प्रस्फुटित हुआ था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01, 02 (B) 01, 02, 03

(C) 03, 04 (D) 01, 02, 03 और 04

(D) 01, 02, 03 और 04

भूमिका :- हाल ही में इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत सेमेरू ज्वालामूखी में विस्फोट हुआ, यह सेमरू, जिसे "द ग्रेट माउंटेन" के रूप में भी जाना जाता है। यह जावा में उच्चतम ज्वालामुखी है, और सबसे सक्रिय में से एक है। इससे पहले यह दिसंबर, 2019में प्रस्फुटित हुआ था।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

❖ सेमेरू ज्वालामूखी सुंडा प्लेट (यूरेशियन प्लेट) के नीचे इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के उप-भाग द्वारा गठित द्वीप समूह का हिस्सा है।

❖ यहाँ बनी खाई को सुंडा खाई कहा जाता है, जिसका प्रमुख खंड जावा खाई है।

❖ प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण इंडोनेशिया, भूकंपनीय उथल-पुथल का शिकार है।

❖ रिंग ऑफ फायर प्रशांत रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है, रिम ऑफ फायर, गर्डल ऑफ फायर या सर्कम-पैसिफिक बेल्ट) प्रशांत महासागर के रिम के आसपास का एक क्षेत्र हैं, जहां कई ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंप आते है।

❖ रिंग ऑफ फायर में दक्षिण अमेरिका, उत्तरी अमेरिका और कामचरका के प्रशांत तटों और पश्चिमी प्रशांत महासागर के कुछ द्वीप शामिल है।

❖ द रिंग ऑफ फायर विशेश रूप से प्रशांत महासागर के नीचे और उसके आसपास लिथेस्फेरिक प्लेटों की गति टकराव और विनाश का एक सीधा परिणाम है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS